भारत

दस रुपये ₹10 TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S.N. 922 YEAR 2024 79AE 279676

समक्ष,

महानिबन्धक,

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद (प्रयागराज)।

शपथ–पत्र

शपथकर्ता श्याम बाबू उम्र लगभग 51 वर्ष पुत्र स्व0 लाल बहादुर सिंह निवासी ग्राम दीक्षितपुर पोस्ट पचेवरा जिला मिर्जापुर का सशपथ कथन है कि–

1– यह कि शपथकर्ता वर्तमान में चन्दौली जिले में अपर जनपद न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट–प्रथम के पद पर अप्रैल 2021 से कार्यरत है।

2– यह कि शपथकर्ता की माता श्रीमती प्रभावती देवी उम्र लगभग 85 वर्ष की अत्यधिक वृद्ध एवं विधवा महिला हैं एवं अक्सर बीमार रहती है।

3– यह कि शपथकर्ता की माता जी उसके पैतृक ग्राम दीक्षितपुर, जनपद मिर्जापुर में शपथकर्ता बड़े भाई के परिवार के साथ रहती हैं।

4– यह कि शपथकर्ता की माता जी अपना गांव का घर छोड़कर स्थायी रूप से शपथकर्ता के साथ नही रह सकती क्योंकि शपथकर्ता के पिताजी ने अपनी अंतिम सांसे उसी घर में ली थी।

5– यह कि शपथकर्ता का गृह जनपद मिर्जापुर उसके तैनाती जनपद चन्दौली से सटा हुआ है। शपथकर्ता के पैतृक ग्राम से जनपद चन्दौली मुख्यालय की दूरी लगभग 40 किमी0 है।

6– यह कि शपथकर्ता की माता जी जब कभी बीमार होती हैं तो दूरी कम होने के कारण शपथकर्ता का परिवार उनकी देखभाल करने के लिए गांव चला जाता है या फिर शपथकर्ता अपनी माता जी को उपचार हेतु अपने पास ले आता है।

7– यह कि शपथकर्ता को यदि इस वर्ष स्थानान्तरित नही किया जाता है तो वह अपनी माता जी के जीवन के अंतिम वर्षो में से एक वर्ष और उनकी सेवा कर पाने का सुख प्राप्त कर सकेगा।

दिनांक–29.02.2024

शपथकर्ता

सत्यापन

शपथकर्ता शपथपत्र के प्रस्तर 1 ता 7 की अर्न्तवस्तु/ कथन मेरे व्यक्तिगत ज्ञान में सच व सही है, उनमें कुछ छिपाया नही गया है।

दिनांक–29.02.2024

शपथकर्ता

NOTARY Raja Ram Ad Tah Chandauli Distt Chandauli GOVT. OF U.P.

न्याय कक्ष सं0 5

Oathed by Deponent before me and Concealed by Advocate